राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन नैनीताल/रामनगर 13 **जून, 2024**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में सफारी की। इस अवसर पर राज्यपाल को बाघ के भी दीदार हुए। राज्यपाल ने कहा ''वन्यजीवों एवं पक्षियों की प्रजातियों के निवास स्थल वि व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में सफारी की। वन्यजीव प्रेमियों के लिए रोमांचकारी जंगल सफारी डेस्टिनेशन के रूप में जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क वन्य जीवन की अद्भुत दुनिया है। यहां हरे-भरे जंगल, शांत वातावरण और वन्य जीवों के दृश्य सब कुछ मंत्रमुग्ध कर देने वाला रहा।''

राज्यपाल ने कहा कि वन एवं वन्य जीव उत्तराखंड की अमूल्य संपदा हैं, इन्हें संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस समृद्ध संपदा को संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए, जिससे हमारी देवभूमि और समृद्ध होगी।

...........0…………